भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या 220
07/08/2026 को उत्तरार्थ

विषय: छत्तीसगढ़ में कृषि योजनाओं के अंतर्गत किसानों को लाभ का अंतरण
***220 श्री देवेन्द्र प्रताप सिंहः**
क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) विगत तीन वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (PM-KISAN) योजना के तहत छत्तीसगढ़ के किसानों को प्रत्यक्ष रूप से अंतरित की गई कुल वित्तीय सहायता कितनी है;
(ख) राज्य में इस योजना के तहत कितने लाभार्थी सक्रिय रूप से किस्तें प्राप्त कर रहे हैं;
(ग) क्या प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) के द्वारा अनियमित मौसम से प्रभावित किसानों के दावों का निपटान समय पर किया गया है; और
(घ) निपटाए गए दावों तथा राज्य के कृषि क्षेत्र को प्रदान की गई समग्र वित्तीय सुरक्षा का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री शिवराज सिंह चौहान)

(क) से (घ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

'छत्तीसगढ़ में कृषि योजनाओं के अंतर्गत किसानों को लाभ का अंतरण' के संबंध में माननीय सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा पूछे गए दिनांक 07/08/2026 को उत्तरार्थ राज्यसभा तारांकित प्रश्न संख्या 220 के भाग (क) से (घ) के संबंध में उत्तर

(क) और (ख): पिछले 3 वर्षों में छत्तीसगढ़ में लाभान्वित हुए लाभार्थियों का किस्त-वार विवरण तथा उन्हें जारी की गई राशि का ब्यौरा निम्नानुसार है:

किस्त	लाभान्वित लाभार्थी	जारी की गई राशि (रुपये करोड़ में)
14वीं किस्त (अप्रैल'23 - जुलाई'23)	20,24,988	450.64
15वीं किस्त (अगस्त'23 - नवम्बर'23)	21,54,261	576.05
16वीं किस्त (दिसम्बर'23 - मार्च'24)	23,20,776	580.36
17वीं किस्त (अप्रैल'24 - जुलाई'24)	24,31,808	577.36
18वीं किस्त (अगस्त'24 - नवम्बर'24)	25,07,939	570.04
19वीं किस्त (दिसम्बर'24 - मार्च'25)	26,14,288	622.71
20वीं किस्त (अप्रैल'25 - जुलाई'25)	25,17,972	561.44
21वीं किस्त (अगस्त'25-नवम्बर'25)	24,69,284	494.06
22वीं किस्त (दिसम्बर'25-मार्च'26)	24,67,926	493.61
23वीं किस्त (अप्रैल'26-जुलाई'26)	24,52,009	491.10

हाल ही में जारी की गई 23वीं किस्त में, कुल 24,52,009 लाभार्थियों को PM-KISAN का लाभ प्राप्त हुआ है।

(ग) और (घ): प्राकृतिक आपदाओं, प्रतिकूल मौसम की घटनाओं से उत्पन्न फसल हानि/क्षति से पीड़ित किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करने तथा किसानों की आय को स्थिर करने हेतु सरकार ने खरीफ 2016 से उपज आधारित **प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY)** तथा मौसम सूचकांक आधारित **पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना (RWBCIS)** प्रारंभ की है।

यह योजना राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ-साथ किसानों के लिए भी स्वैच्छिक है। इसके अतिरिक्त, PMFBY के प्रावधानों के अनुसार, कार्यान्वयन हेतु जिलों तथा फसलों को अधिसूचित करना राज्य सरकार का विशेषाधिकार है। यह योजना 25 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में क्रियान्वित की जा रही है। सभी इच्छुक किसान इस योजना के अंतर्गत नामांकन हेतु पात्र हैं।

अधिकांश दावों का निपटान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) के प्रचालन दिशा-निर्देशों के तहत निर्धारित समय-सीमा अर्थात संबंधित राज्य सरकार से बीमा कंपनियों द्वारा अपेक्षित उपज आंकड़े प्राप्त होने के 21 दिनों के भीतर किया जाता है। तथापि, PMFBY के कार्यान्वयन के दौरान, कुछ दावे लंबित रहे, जिसके प्रमुख कारण (क) दावों में राज्य सरकार के शेयर को प्रदान करने में विलंब, (ख) बैंकों द्वारा बीमा प्रस्तावों को गलत/देरी से प्रस्तुत करने तथा असत्यापित बैंक खाते एवं (ग) उपज के

आंकड़ों में विसंगति व इसके परिणामस्वरूप राज्य सरकार तथा बीमा कंपनियों के बीच उत्पन्न विवाद आदि थे। इन मुद्दों के कारण लंबित दावों का निपटान योजना के प्रावधानों के अनुसार उनके समाधान के पश्चात किया जाता है।

छत्तीसगढ़ राज्य सरकार PMFBY तथा RWBCIS योजनाओं को इनकी शुरुआत अर्थात खरीफ 2016 से ही क्रियान्वित कर रही है। अब तक, इन योजनाओं के अंतर्गत 517.97 लाख किसान आवेदन एनरॉल किए जा चुके हैं तथा 117 लाख किसान आवेदनों को 7,883.42 करोड़ रुपये के दावों का भुगतान किया जा चुका है।

राज्य के कृषि क्षेत्र को समग्र वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने हेतु, भारत सरकार पूरे राज्य में किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से केंद्रीय क्षेत्र की तथा केंद्र प्रायोजित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की एक व्यापक श्रृंखला क्रियान्वित कर रही है, जिसमें ऋण, बीमा, आय सहायता, इन्फ्रास्ट्रक्चर, फसलें (बागवानी सहित), बीज, मशीनीकरण, मार्केटिंग, जैविक व प्राकृतिक खेती, किसान समूह, सिंचाई, विस्तार, अधिसूचित फसलों की खरीद तथा डिजिटल कृषि सहित कृषि का संपूर्ण क्षेत्र शामिल है। छत्तीसगढ़ में पिछले 3 वर्षों में कृषि की प्रमुख योजनाओं में जारी की गई राशि निम्नानुसार है:

क्र.सं.	**योजना**	**जारी की गई राशि (रूपये करोड़ में)**
1	प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (PM-KISAN)	4,926.27
2	PMFBY एवं RWBCIS	1086.63
3	प्रधानमंत्री - राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (PM-RKVY)	533.55
4	कृषोन्नति योजना	501.18
5	परम्परागत कृषि विकास योजना (PKVY)	54.16
6	राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (NMNF)	26.02

*****